## खबर संक्षेप

### धरे गये 6 जुआरी, 14380 रूपये जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते जुआरियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ अभिषेक चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा अवैध रूप से तास पत्तों पर रूपये पैसों का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते बदमाशों को पकड़कर जुआ एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान कन्याशाला स्कूल के पास ग्राम देवराकला में अवैध रूप से जुआ का फड़ बैठे होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुचकर शैलेन्द्र असाटी, भूरा कुशवाहा, सूरज गुप्ता, राजेश चौधरी, दीपक गुप्ता, एवं कमलेश चौधरी को अवैध रूप से तास पत्तों पर रूपये पैसों का दाव लगाकर जुआ खेलते पड़ा गया, आरोपियों के कब्जे से 14380 रूपया नगदी एवं तास पत्ते बरामद किये गये, आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई।भ कार्यवाही में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, सउनि विक्रम सिंह, आरक्षक पप्पू प्रजापति, आरक्षक नीतेश सिंह, प्रधान आरक्षक मज्जू कोल की मुख्य भूमिका रही।

### रेत का अवैध परिवहन करते 2 ट्रैक्टर पकड़ाए

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन पर निरीक्षक अभिषेक चौबे थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ की पुलिस टीम के द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुये दो ट्रैक्टर को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान ग्राम खिरवा नम्बर 01 महानदी पुल के पास पावर ट्रेक कंपनी का ट्रेक्टर क्रमांक एम.पी. 21 जेड.एफ. 9365 एवं महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर क्रमांक एम.पी. 21 जेड.बी. 6858 की ट्राली में रेत परिवहन करते हुये मिलने पर वाहन को रोका, ट्रेक्टर चालक पुलिस को देखकर मौके पर वाहनों को छोड़कर भाग गये, रेत से भरे हुये ट्रेक्टर को मौके पर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, सउनि जयराम साकेत, आरक्षक पप्पू प्रजापति, प्रधान मज्जू कोल की भूमिका रही।

### चार विद्यालयों में 12 लाख से होगा विद्युतीकरण

**कटनी।** जिले के चार शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में बाह्य विद्युतीकरण का कार्य कराया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने इसके लिए कुल 12 लाख 4 हजार 850 रुपये की राशि खाते में जमा करा दी है। बाह्य विद्युतीकरण के लिए शासकीय हाईस्कूल चाका को 63 हजार 174 रुपये, शासकीय हाईस्कूल बम्होरी को 2 लाख 84 हजार 325 रुपये, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंधी स्टेशन को 6 लाख 61 हजार 913 रुपये तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाँधरा को 1 लाख 95 हजार 438 रुपये की राशि आवंटित की गई है। चारों विद्यालयों में विद्युतीकरण से विद्युत व्यवस्था बेहतर होगी और शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन में सुविधा मिलेगी।

### विजयादशमी के साथ ही शारदीय नवरात्र पर्व का हुआ समापन, विसर्जन घाटों में रहे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# धूमधाम से निकला दशहरा चल समारोह, माताराणी को दी विदाई, कैमोर में 100 फीट ऊंचे रावण का दहन








हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बुराई पर सत्य की जीत का महापर्व विजयादशमी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरे पर्व के साथ ही आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की भक्ति आराधना का महापर्व शारदेय नवरात्र का समापन हो गया। मंगलवार को दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का चल समारोह निकाला गया। ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे। इसके पूर्व दशहरे के दिन शहर में जगह जगह स्थापित किये गए दुर्गा पंडालों में हवन, पूजन के साथ ही कन्याभोज एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया।

मंगलवार की देर शाम निकले चल समारोह की अगुवाई गोलबाजार रामलीला कमेटी के रावण महाराज ने की। उनके पीछे मां दुर्गा की प्रतिमाओं का जुलूस आगे बढ़ा। धार्मिक आस्था और उत्सवी माहौल के बीच निकले इस चल समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप से दशहरा चल समारोह का आगाज हुआ। चल समारोह के दौरान जगह जगह पूजन एवं प्रसाद वितरण हुआ। दशहरा चल समारोह में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। चल समारोह देखने के लिए बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लोगो का हुजूम जुलूस मार्ग पर दिखा।

चल समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, उपाध्यक्ष रवि खरे, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक विश्कर्मा राम रतन पायल, पीताम्बर टोपनानी रामचंद्र तिवारी, चमन लाल आनंद, भरत अग्रवाल, राजेश पाठक, गीता शरद अग्रवाल, डॉ. सुब्बाराव, महेश रोचलानी, आशीष गुप्ता, बाबा पारस जैन, सुरेश पंजवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। चल दशहरा समारोह ने शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया। विजयादशमी के उल्लास के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं के जुलूस में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने पर्व की भव्यता को और बढ़ा दिया।

#### सुरक्षा के रहे इंतजाम

चल समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाएं बनाये रखने प्रशासन व पुलिस द्वारा इंतजाम किये गए थे। जगह जगह भारी पुलिस बल तैनात रहा। चल समारोह से लेकर विसर्जन घाटों तक में प्रशासन द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई थी। आपात स्थिति से निबटने के लिए पहले से ही तैयारियां की गई थी। चल समारोह में लोगों की खासी भीड़ रही। दशहरे के दिन दुर्गोत्सव समितियों द्वारा हवन पूजन के बाद कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

#### कैमोर में उमड़ा भारी हुजूम

औद्योगिक नगरी कैमोर में दशहरा पर्व पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। रामलीला मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शाम 7 बजे तक लगभग 50 हजार लोगों की क्षमता वाला रामलीला मैदान खचाखच भर गया। इसके अलावा समीप स्थित प्रदर्शनी ग्राउंड और आसपास की सड़कों पर भी भारी भीड़ जमा रही। भारी भीड़ के चलते सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। कंपनी प्रबंधन, पुलिस और प्रशासन को भीड़ नियंत्रण के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

दशहरा चल समारोह के समापन के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का एसीसी खदान में सुरक्षित विसर्जन किया गया। इसके बाद लोगों का रुख रामलीला मैदान की ओर हो गया। सड़क के दोनों ओर दूर तक लगी दुकानों और श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल नजर आया।

विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक भी आयोजन में पहुंचे। प्लांट हेड सुदीप्तो मंडल, हेड एचआर दिनेश पाठक, इंटक अध्यक्ष पंकज पीढ़िया और नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमित ग्रोवर सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। विधायक पाठक ने रामलीला मंच पर पहुंचकर राम दरबार की पूजा-अर्चना की तथा भगवान श्रीराम और पवनसुत हनुमान के जयकारे लगवाए। विधायक ने कहा कि वे पिछले पांच दशकों से दशहरे पर कैमोर आते रहे हैं। बचपन में अपने दादाजी और बाद में पिता सत्येंद्र पाठक के साथ वे सपरिवार यहां दशहरा देखने आते थे। आज भी कहीं भी रहें, दशहरे पर कैमोर पहुंचने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कैमोर के विशाल रावण की आकर्षक बनावट और करीब 100 फीट ऊंचाई की प्रशंसा करते हुए पुतला तैयार करने वाले कलाकारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय निश्चित है, जबकि अभिमान और अहंकार का अंत अवश्य होता है।

#### आतिशबाजी के बाद रावण दहन

रावण दहन से पहले शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। तेज आवाज के साथ आसमान में बिखरती रंग-बिरंगी रोशनियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लगभग आधे घंटे तक लोग आतिशबाजी का आनंद लेते रहे। इसके बाद रामलीला मंच से भगवान श्रीराम का अग्निबाण छोड़ा गया, जिसके लगते ही विशाल रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। इस दृश्य को देखने के लिए मैदान में मौजूद दर्शकों में उत्साह दिखाई दिया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा एवं एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने सड़क से लेकर रामलीला मैदान तक सुरक्षा के इंतजाम किए।

# दुर्गा विसर्जन के दौरान पथराव का आरोप, कार्यवाही की मांग, चक्काजाम की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम रोहनिया में दशहरा दुर्गा विसर्जन जुलूस के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जुलूस जब बाजार चौक स्थित आदिवासी मोहल्ले से गुजर रहा था, तब एक मकान की छत से माँ दुर्गा की प्रतिमा एवं श्रद्धालुओं पर पत्थरबाजी की गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी को सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, 20 अक्टूबर को ग्राम रोहनिया में प्रतिवर्ष की भांति धूमधाम से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का जुलूस निकाला जा रहा था। आरोप है कि बाजार चौक के पास छत से प्रतिमा और विसर्जन में शामिल लोगों पर पत्थर फेंके गए, जिससे पत्थर प्रतिमा एवं जुलूस में चल रहे श्रद्धालुओं को लगे। घटना के बाद से रोहनिया गाँव और आसपास के समूचे क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह धार्मिक भावनाओं और सनातन परंपरा पर चोट है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित महिला एवं उसके पति के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है, तो समस्त ग्रामवासी रोहनिया में चक्काजाम कर शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

***शहर में वाहन रैली निकाल कचहरी चौराहे में किया गया प्रदर्शन***

# वोट चोरी एवं मताधिकार की सुरक्षा को लेकर कांग्रेसजनों ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) ने वोट चोरी के मुद्दे और मताधिकार की सुरक्षा को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर के अलग-अलग हिस्सों से बाइक रैली निकाली। रैली मुख्य मार्गों से होते हुए पुरानी कछहरी चौराहे पहुंची, जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध जताया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। चुनाव प्रक्रिया में किसी भी तरह की कथित धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### अधिकारों पर हमला

जिला कांग्रेस कमेटी कटनी (शहर) के अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने कहा कि वोट चोरी केवल किसी एक राजनीतिक दल के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र और करोड़ों मतदाताओं के अधिकारों पर हमला है। लोकतंत्र जनता के वास्तविक वोटों से बनता है, न कि कथित धांधली या प्रशासनिक लापरवाही से।

#### विरोध रहेगा जारी

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह मतदाताओं के विश्वास की रक्षा करे और उठ रहे सवालों का निष्पक्ष व पारदर्शी जवाब दे। जब तक चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर उठ रहे सवालों का संतोषजनक समाधान नहीं होता, तब तक कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा। पार्टी सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज उठाएगी। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल सहित ब्लॉक अध्यक्ष, प्रमुख कांग्रेस नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैठक से नदारद सेतु संभाग और हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्रियों को थमाया नोटिस

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में काम पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की गति, गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और प्रत्येक कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में अनावश्यक विलंब, लापरवाही और जिम्मेदारियों के निर्वहन में उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा। कलेक्टर ने पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।

बुधवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने विभिन्न निर्माण विभागों के कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शेष कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव ने बताया कि टनल से मशीनों को बाहर निकालने का कार्य तेजी से जारी है। शेष डक्टिंग और रेलिंग का कार्य भी प्रगतिरत है। इसे 20 नवंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। कलेक्टर ने शेष कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

#### योजना की गुणवत्ता पर जोर

ढीमरखेड़ा माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना के अंतर्गत कटनी, खमतरा, झिर्री एवं सैलारपुर स्कीम में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन कार्यों को आगामी दिसंबर माह तक पूरा किए जाने की संभावना है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे कराए जाएं। कार्यों की प्रगति में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

शासकीय कार्यों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, सेतु संभाग के कार्यपालन यंत्री निलेश गुप्ता की विभागीय कार्यों में अपेक्षित रुचि नहीं लेने, कर्मचारियों के साथ समन्वय की कमी तथा बैठक में अनुपस्थित रहने के संबंध में नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार बैठक में अनुपस्थित रहने पर हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री एम.आर. ठाकुर को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर की इस कार्रवाई से स्पष्ट संदेश दिया गया कि विभागीय समीक्षा बैठकों में अनुपस्थिति और कार्यों के प्रति उदासीनता को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पाली जलाशय के बांध एवं नहर निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लगभग 18 माह में कार्य पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। निर्माण की कुल लागत 691 लाख रुपये है। गिदुरहा जलाशय के बांध एवं नहर निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) के कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि मुड़वारा, कटनी में 100 सीटर श्रमिक विश्राम गृह (रेन बसेरा) का निर्माण 4.50 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसे दिसंबर माह तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कटनी जिले में गुरुवार 12 नवंबर को प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन जिले के सभी 1239 मतदान केंद्रों पर होगा, जहाँ आम नागरिक इसका अवलोकन कर सकेंगे तथा नाम जोड़ने, संशोधन कराने और नाम विलोपित कराने शुक्रवार 11 दिसंबर तक निर्धारित प्रारुप में दावे-आपत्तियां बीएलओ को दे सकेंगे।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार नये और पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम एक जनवरी 2027 को अर्हता तिथि मानकर तय किया गया है। एक जनवरी 2027 की स्थिति में मतदाता बनने की पात्रता रखने वाले व्यक्ति तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा अपना नाम विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान निर्वाचक नामावली में जुड़वा सकेंगे या नाम में संशोधन करा सकेंगे।

इसके साथ ही 1अप्रैल 2027, 1 जुलाई 2027 और 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने प्रारुप-6 में अग्रिम आवेदन बीएलओ को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान दे सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारुप मतदाता सूची के प्रकाशन के पहले सोमवार 2 नवंबर तक जिले के सभी मतदान केंद्रों के युक्ति-युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन की कार्यवाही की जायेगी। गुरुवार 12 नवंबर को प्रारुप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही उस पर दावे-आपत्तियां प्राप्त करने का सिलसिला भी प्रारंभ हो जायेगा। प्रारुप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां शुक्रवार 11 दिसम्बर तक प्राप्त की जायेंगी।

प्रारुप मतदाता सूची पर प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण सोमवार 28 दिसम्बर तक किया जायेगा तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार 4 जनवरी 2027 को होगा।

## खबर संक्षेप



### शहीदों को दी श्रद्धांजलि, परिजनों का किया सम्मान

**कटनी।** कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिस जवानों की स्मृति में बुधवार को पुलिस लाइन झिंझरी स्थित शहीद स्मारक पर 'पुलिस स्मृति दिवस परेड' का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सपूतों को नमन किया।कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ने देशभर में बीते एक वर्ष के दौरान कर्तव्य पथ पर शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नामावली वाचन के उपरांत परेड दल द्वारा अमर शहीदों को शस्त्र झुकाकर 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया और शोक सलामी दी गई। समारोह में कटनी जिले के 13 अमर शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आमंत्रित कर शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने परिजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। आयोजन में कलेक्टर आशीष तिवारी, एएसपी कमल मौर्य, जनप्रतिनिधि दीपक टंडन, अशोक विश्वकर्मा, एसडीएम जितेंद्र पटेल, डीएसपी रत्नेश मिश्रा, डीएसपी आकांक्षा चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक सपना त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ निकाला मोर्चा

**कटनी।** बड़वारा के ग्राम नन्हवारा सेझा में महिलाओं ने गांव में लगातार बढ़ रही शराब की बिक्री और उसके दुष्प्रभावों से परेशान होकर शराबबंदी की मांग को लेकर एक बड़ा मोर्चा निकाला। महिलाओं का कहना है कि गांव में धड़ल्ले से बिक रही शराब के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। शराब की लत के चलते घरों में आर्थिक तंगी तो बढ़ ही रही है, साथ ही घरेलू कलह और हिंसा का माहौल भी पैदा हो रहा है। महिलाओं ने यह भी चेताया कि इसका सबसे बुरा असर मासूम बच्चों के भविष्य और उनके लालन-पालन पर पड़ रहा है। महिलाओं द्वारा निकाले गए इस मोर्चे का मुख्य उद्देश्य गांव में एक स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक सामाजिक वातावरण का निर्माण करना है। महिलाओं का साफ तौर पर कहना है कि जब तक गांव को नशामुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता। महिलाओं ने स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है।

### सरकारी जमीन और कुएं पर अवैध कब्जे को हटाने मांग

**कटनी।** बड़वारा कलां स्थित सराफा मार्केट में सरकारी जमीन और सार्वजनिक उपयोग के कुएं पर अवैध कब्जे का मामला गरमा गया है। इस विवाद को लेकर पुलिस ने जहां एक तरफ चार महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है, वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत व क्षेत्रवासियों ने भी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत बड़वारा के सरपंच और क्षेत्रवासियों द्वारा तहसीलदार को दिए गए आवेदन के अनुसार सराफा मार्केट स्थित खसरा नंबर 170 (आबादी भूमि) पर स्थित शासकीय कुएं और भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा लोहे की बाउंड्री और शेड लगाकर कब्जा कर लिया गया है। इस अवैध कब्जे के कारण पहले से मौजूद वह सार्वजनिक कुआं बंद हो गया है, जिसका उपयोग ग्रामीण और आम नागरिक पानी भरने के लिए करते थे। बाउंड्री और शेड लगने से आम नागरिकों का आवागमन भी बाधित हो गया है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि खसरा नंबर 170 की निष्पक्ष जांच कर शासकीय कुएं और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, आवेदन की प्रतिलिपि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और बड़वारा के विधायक को भेजी गई है।

## स्लीमनाबाद तहसील में निकला चल समारोह, चल समारोह में पुलिस अमला रहा सक्रिय

# नौ रातें नौ दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन मां चली

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद







नौ रात, नौ दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन की बेला आई इस बिरह गीत के साथ क्षेत्र में मां दुर्गा को विदाई दी गई। माताराणी को विदाई देने का सिलसिला बुधवार की देर शाम तक जारी रहा!विसर्जन जुलुस में मां के भक्त डीजे की धुन पर थिरकते चल रहे थे। जगह-जगह उन पर अबीर और गुलाल की बौछार हो रही थी।देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने का क्रम चला।इसके पहले दशमी के दिन श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन किया और आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की।जगह -जगह कन्या पूजन,कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुए।

बुधवार को स्लीमनाबाद में विराजित सभी दुर्गा प्रतिमाओ का चल समारोह निकला जिसका जगह -जगह स्वागत हुआ। देवी भजनों की दी गई शानदार प्रस्तुति-तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद मे दशहरे के अवसर पर सभी दुर्गा पंडालो मे विशाल देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।जहां गायिकाओं के द्वारा देवी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसे देखने बड़ी संख्या मैं जनसैलाब उमड़ा, जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

### कलाकारों ने दिखाए करतब

चल समारोह में अखाड़ों के कलाकारों ने जगह-जगह करतब दिखाए। इस दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्ग कलाकारों ने अनेक स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। चल समारोह का नजारा देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी हुई थी। अनेक स्थानों पर लोगों का मजमा लगा हुआ था। लोग घरों की छतों पर खड़े होकर चल समारोह का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही चल समारोह गुजर रहा था, छतों से लोग पुष्पवर्षा कर रहे थे। आसपास से भी कई लोग इस चल समारोह को देखने के लिए पहुंचे थे।चल समारोह मे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी व थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा, सुदेश कुमार सुमन पुलिस बल के साथ सतत निरीक्षण करते रहे!वही बहोरीबंद, बाकल,तेवरी मैं चल समारोह आयोजित हुआ।

### श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक

स्लीमनाबाद, कौड़िया, देवरी, खिरहनी व तेवरी में चल रहे रामलीला मंचन का समापन दशहरे पर बुधवार को हुआ। समापन अवसर पर जगदीश धाम खिर हनी, कौड़यिा, तेवरी ओर स्लीमनाबाद अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाद व कुम्भकरण वध के साथ रावण वध की लीला का मंचन हुआ। साथ ही राम राज्याभिषेक का मंचन हुआ। भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया और अवधपुर वापिस लौटे।अवधपुरी आने की खबर पाते ही पूरी अवधपुरी दुल्हन की तरह सज गई।नगरवासी आनन्दित हो उठे।भगवान श्रीराम-सीता व लक्ष्मण की भव्य अगवानी की गई।इसके बाद राम राज्याभिषेक की तैयारी शुरू हुई। कौड़िया स्थित रामलीला मंचन मे राम राज्यभिषेक मे जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी पहुंचे ओर उन्होंने अपने सारगर्भित उदबोदन दिए।

### दशहरा देखने उमड़ा जनसैलाब

तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद व तेवरी मे दशहरा देखने बड़ी संख्या मे जनसैलाब उमड़ा। दशहरा देखने आये लोगों ने जमकर खरीददारी की। छोटे छोटे बच्चों ने झूलो का लुत्फ़ उठाया।

### देवी भागवत कथा का समापन

स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे चल रहे देवी नवाहयज्ञ का भी शारदेय नवरात्र का समापन हो गया।मंगलवार को दाधिकांधोत्सव आयोजित हुआ!

### ज्वारे जुलूस में दिखा भक्ति का संगम, उमड़ा जनसैलाब

शारदेय नवरात्र का पावन पर्व नौ दिनों तक चले देवी पूजन के बाद सोमवार को नवमी तिथि पर हवन पूजन के साथ शारदेय नवरात्र का समापन हुआ। नौ दिनों तक शक्ति की साधना के बाद देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन-अनुष्ठान किया गया। नवरात्र व्रतधारकों ने कन्याभोज , हवन-पूजन करके शक्ति की आराधना का देवी देवालयों सहित मन्दिरो में कन्याभोज आयोजित हुए। जरूरतमंदों व गोवंश को खिलाकर पुण्य की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने भोजन के पैकेट बनाकर भी कन्याओं को पहुंचाया। कुछ लोगों ने गरीबों को भोजन कराया।जुलूस के साथ जवारे विसर्जित-नवमी तिथि पर देवी मंदिरों मैं बोए गए ज्वारे व मन्नत कलश लेकर भक्त चले।नवमी पर आदिशक्ति के 9 वे रूप माँ सिद्दीदात्री की पूजा अर्चना की।पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई।स्लीमनाबाद के चंडी माई मंदिर से ढोल नगाड़ों की धुन पर ज्वारे जुलूस निकला जो कटनी नदी मैं जाकर विसर्जित किया गया।वही ग्राम कोहका मैं भी ज्वारे जुलूस निकला जो सरोवर में जाकर विसर्जित किया गया। वही धरवारा में भी ज्वारे जुलूस निकाला ।जहां कलाकारों के द्वारा कलाकृतिया दिखाई गई। नारी शक्ति अपने सिरों पर कलश धारण कर निकली तो शक्ति की उपासना का अपार जनसैलाब दिखा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

# पुलिस लाइन में राज्यमंत्री पटैल ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विजयादशमी का पर्व केवल अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का उत्सव नहीं, बल्कि शक्ति के सदुपयोग, कर्तव्य के निर्वहन और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने के संकल्प का भी प्रतीक है। इसी भावधारा के साथ मंगलवार, 20 अक्टूबर को झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, आनंद विभाग लखन पटेल ने वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-अनुष्ठान और पारंपरिक विधि-विधान के बीच शस्त्रों का पूजन किया।

इस अवसर पर बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने भी शस्त्रों की आराधना कर जनसुरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और धर्म की रक्षा के संकल्प को अभिव्यक्त किया।

भारतीय सनातन परंपरा में विजयादशमी पर शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। शास्त्रीय मान्यताओं में शस्त्र केवल सामर्थ्य और पराक्रम के प्रतीक नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा, अन्याय के प्रतिकार और निर्बलों की सुरक्षा के साधन माने गए हैं। शस्त्र पूजन का मूल भाव शक्ति के प्रति श्रद्धा के साथ उसके विवेकपूर्ण और मर्यादित उपयोग का संकल्प लेना है।

भगवान श्रीराम की रावण पर विजय की स्मृति से जुड़ा दशहरा पर्व यह संदेश देता है कि अंततः विजय सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने वालों की होती है। यही भावना शस्त्र पूजन को आध्यात्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व से भी जोड़ती है।

राज्यमंत्री लखन पटेल ने दशहरा पर्व पर शस्त्र पूजन की सनातन परंपरा का उल्लेख करते हुए प्रदेशवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस परंपरा को भारतीय संस्कृति, शौर्य और कर्तव्यबोध से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर बताया।

### जनसुरक्षा के संकल्प के साथ पुलिस बल ने की शस्त्र आराधना

पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। यह आयोजन कानून-व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों की सुरक्षा करने और संकट के समय कर्तव्य का निर्वहन करने की जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। विजयादशमी पर पुलिस लाइन के शस्त्रागार सहित जिले के विभिन्न थानों में भी विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, एसडीएम जितेंद्र पटेल, रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, तहसीलदार अजीत तिवारी सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधि विधान से पूजन के बाद निकला चल समारोह



नवरात्र के अंतिम दिन दशहरा में सिलौंडी का चल समारोह रात 9 बजे मुख्य बाजार से शुरू हुआ ।जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,सरपंच पंचों संतोष कुमार ने मां महाकाली और मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर चल समारोह की शुरुवात किया ।भाजपा जिला मंत्री प्रशांत राय ,मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, बजरंग दल जिला प्रचार प्रसार सौरभ मिश्रा, रमेश राय ने मां महाकाली और मां दुर्गा की प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया ।ग्राम के वरिष्ठ , युवा ,महिलाओं बच्चों ने मां महाकाली और मां दुर्गा की पूजन अर्चन आरती किया।चल समारोह में क्रम से सबसे पहले मन्नत वाली मां महाकाली , श्री राम दुर्गा उत्सव समितिपचगड्डा ,श्री बालाजी कामाख्या देवी,श्री राम मंदिर की माता देवी की प्रतिमा,शिव चौक की माता देवी की प्रतिमा, पटौहा वाली मां दुर्गा की प्रतिमा, खेरमाता गोटिया मोहल्ले की प्रतिमा , बस स्टैंड की माता रानी ढोल बाजे नगाड़े के साथ छोटी मढिया शिव चौक होकर बस स्टैंड पहुंची ।हजारों भक्त ने माता का पूजन अर्चन कर अपनी भेंट माता रानी को अर्पित किया । सिलौंडी की सभी माता की प्रतिमाओं का देर रात हल्का नदी में विसर्जन हुआ । पूर्व सरपंच श्री मति राधा राय ,पूर्व सरपंच जगन्नाथ दहिया ,सेवा राम साहू ,पूर्व उपसरपंच प्रह्लाद सेन ,पूर्व उपसरपंच कमलेश काछी ,कपिल सोनी ,रोजगार सहायक अमरीश राय , आशू राय , राजेश गाडरी, गणेश राय ,विजय तिवारी,मानस राय ,आदित्य राय आदि मौजूद रहे।

# विजयादशमी पर्व पर स्लीमनाबाद व बहोरीबंद थाना में किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को स्लीमनाबाद व बहोरीबंद थाना में आयोजित भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम में परम्परागत शौर्य परम्परा का निर्वहन करते हुए हिस्सा लिया।इस अवसर पर थाना प्रभारी ने शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का विधि-विधान और शास्त्रोक्त मंत्रोच्चार के बीच,हवन अनुष्ठान कर शस्त्र - पूजन किया।

थाना प्रभारी ने कहा कि विजयादशमी केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व ही नहीं, बल्कि यह शौर्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देने वाला उत्सव है। शस्त्र केवल युद्ध का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन और मर्यादा के प्रतीक भी हैं। हमारी पुलिस और सुरक्षा बल इन्हीं शस्त्रों के माध्यम से समाज की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इस परंपरा का संरक्षण करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने शस्त्र पूजन की परंपरा को और व्यापक रूप में मनाने के लिए नई सोच और नए संकल्प के साथ इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि शस्त्र और सैनिक एक दूसरे के पर्याय है। भारतीय परम्परा में शिव और शक्ति को एक ही माना गया है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि शस्त्र पूजन की परंपरा पुलिस बल में उत्साह और कर्तव्यनिष्ठा का संचार करती है। विजयादशमी का पर्व पुलिस बल को शौर्य, पराक्रम और सेवा भाव के साथ जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तैयार रहने की प्रेरणा देता है।

*कलेक्टर ने आयोजन को लेकर अधिकारियों को सौंपे कार्य दायित्व*

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बेरोजगार युवाओं की काउंसलिंग व स्वरोजगार योजनाओं के लगेंगे स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले की तैयारियों और सफल संचालन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को आवंटित कार्यों के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर उनकी सूची नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि रोजगार मेले की व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जा सकें।

जारी आदेश के अनुसार, जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर को कार्यक्रम का जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को मेला स्थल पर कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला रोजगार अधिकारी कंपनियों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रित करेंगे, उनकी सहमति प्राप्त करेंगे, रिक्त पदों की जानकारी संकलित करेंगे तथा कंपनियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मेले के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर, पोस्टर और पम्पलेट तैयार कराने की जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई है।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य मेला स्थल पर कंपनी प्रतिनिधियों एवं आवेदकों के बैठने, साफ-सफाई, पेयजल और अतिथियों के आमंत्रण की व्यवस्था करेंगे। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक स्थानीय उद्योगों और नियोजकों से संपर्क कर उनकी मांग प्राप्त करेंगे। शासकीय आईटीआई कटनी के प्राचार्य अप्रेंटिसशिप कंपनियों को आमंत्रित करने, रिक्तियों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा शासकीय एवं निजी आईटीआई के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेला स्थल पर डॉक्टर, एम्बुलेंस, आकस्मिक चिकित्सा कक्ष और आवश्यक दवाओं सहित स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त, नगर निगम को साफ-सफाई, चूने की लाइन, पेयजल, शौचालय, कूड़ेदान और अग्निशमन वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। वहीं तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य जिले के शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में मेले के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी 10वीं एवं 12वीं के बेरोजगार आवेदकों की प्री-काउंसलिंग कराएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएंगे। रोजगार मेले में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने के साथ स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इसके लिए पशु चिकित्सा, आदिम जाति कल्याण, मत्स्य, श्रम, उद्यानिकी, जिला अंत्यावसायी, कृषि तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगाने के निर्देश दिए हैं।

## महापौर की मौजूदगी में निर्माण एवं डामरीकरण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

# परमहंस वार्ड को मिली 55.61 लाख के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में रामकृष्ण परमहंस वार्ड में नागरिकों की आवश्यकताओं एवं मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए 55 लाख 61 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर श्रीमती सूरी,क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कन्याओं के शुभ हस्तों से संपन्न हुआ।

भूमिपूजन के अंतर्गत मंगलनगर में पुलिया के पास लगभग 20 लाख 49 हजार रुपये की लागत से नाली निर्माण कराया जाएगा। इससे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, मुस्लिम बस्ती में लगभग 14 लाख 17 हजार रुपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इसी प्रकार मस्जिद के पास विभिन्न स्थानों पर लगभग 5 लाख 33 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण कार्य कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त मेन रोड से लाल जी शर्मा के घर तक एवं अन्य स्थानों पर लगभग 15 लाख 62 हजार रुपये की लागत से डब्ल्यू.बी.एम. रोड का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों से वार्ड के आंतरिक मार्गों की स्थिति में सुधार होगा तथा नागरिकों को दैनिक आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

### हर वार्ड का समग्र विकास ही मेरा लक्ष्य महापौर

भूमिपूजन के ऐतिहासिक अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने अपनी विकासवादी सोच को दोहराया। उन्होंने कहा कटनी का हर एक नागरिक मेरा परिवार है। हमारा उद्देश्य राजनीति करना नहीं, बल्कि जनता की मूलभूत आवश्यकताओं सड़क, नाली, पानी को उनके दरवाजे तक पहुँचाना है। नगर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। वे हर वर्ग और हर क्षेत्र के समग्र उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### किदवई वार्ड में 30.87 से सीसी सड़क निर्माण

रफी अहमद किदवई वार्ड में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद खुशबू अनिरुद्ध सोनी की गरिमामयी उपस्थिति और कन्याओं के पावन पूजन के साथ लगभग 30 लाख 87 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया गया। इस स्वीकृत विकास राशि से रफी अहमद किदवई वार्ड की जागृति कॉलोनी के मुख्य मार्गों की तस्वीर बदलने जा रही है। योजना के अंतर्गत अरुण गिरी गोस्वामी से सुनील दुबे, राजमणि गौतम तथा परमानंद चौबे से राजू तिवारी के निवास तक लगभग 30 लाख 87 हजार रुपये की लागत से उच्च गुणवत्ता युक्त सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र के निवासियों को जलभराव और आवाजाही में होने वाली समस्याओं से हमेशा के लिए राहत मिल जाएगी। महापौर ने कहा कि हमारा एकमात्र ध्येय शहर के हर कोने का संतुलित और सर्वांगीण विकास करना है।

# जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेला 28 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, झिंझरी में जिला स्तरीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आयोजित यह मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा।

मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें जिले, प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर की प्रतिष्ठित निजी कंपनियां और संस्थान शामिल होकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

मेले में आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक एवं अन्य शैक्षणिक योग्यता रखने वाले पात्र युवक-युवतियां अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने और अप्रेंटिसशिप के माध्यम से कौशल विकास एवं कार्यानुभव प्रदान करने के प्रयास भी किए जाएंगे।

प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सुषमा विश्वकर्मा एवं युवा संगम रोजगार मेला प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर मेले में उपस्थित होने की अपील की है। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों, आधार कार्ड, बायोडाटा या रिज्यूमे, पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होगी।

### पटेरा में अलसुबह तक चला प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम: जय दुर्गे अखाड़ा के खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, मुस्लिम समाज ने किया स्वागत

# चल समारोह के साथ नम आंखों से दी मातारानी को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा

नगर में असत्य पर सत्य की विजय और धर्म की स्थापना के प्रतीक दशहरा पर्व को शांति, सद्भाव और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें आकर्षक झांकियां जनाकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला सुबह छह बजे तक चलता रहा। इस वर्ष नगर में कुल 20 दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इनमें से दो प्रतिमाओं का विसर्जन नवमी की रात्रि में ही कर दिया गया था। दो प्रतिमाएं चल समारोह में शामिल नहीं हुईं और उनका विसर्जन बड़े तालाब में किया गया, जबकि तीन प्रतिमाओं का विसर्जन अन्य तालाबों में हुआ। शेष 13 प्रतिमाएं भव्य चल समारोह में शामिल हुईं। सभी प्रतिमाएं बस स्टैंड पर एकत्रित हुईं, जहां दशहरा समारोह आयोजन समिति की ओर से मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। बस स्टैंड पर आयोजित मुख्य समारोह में कानून व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह को दशहरा समारोह आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। अन्य अधिकारियों को भी अतिथि की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में एसडीओपी हटा कृष्णपाल सिंह, तहसीलदार उमेश तिवारी, तहसीलदार मानसी अग्रवाल और थाना प्रभारी रचना मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां दुर्गा को पुष्पमाला अर्पित कर पूजा-अर्चना और आरती की। इसके बाद जय दुर्गे अखाड़ा का फीता काटकर उद्घाटन किया और चल समारोह का शुभारंभ किया। आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष देवेंद्र ताम्रकार, नितिन ताम्रकार और महेंद्र ताम्रकार ने अधिकारियों एवं अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों में अरविंद ताम्रकार, देवेंद्र ताम्रकार, राम कुमार ताम्रकार, नरेंद्र बजाज (पत्रकार), दुलीचंद अहिरवार (अध्यक्ष प्रतिनिधि), पुष्पेंद्र सोनी, दीपक ताम्रकार, महेंद्र ताम्रकार, दीपक उपाध्याय, वीरेंद्र ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, गोविंद चौरसिया, संजय पालीवाल, बलराम पटेल, परोहा जी, रितेश ताम्रकार, दुर्गेश सोनी, और धर्मेंद्र चौधरी, बेनी चौरसिया, सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। इस दौरान शंकर तंतुवाय, नरेंद्र अग्रवाल, बालचंद चौरसिया, मुन्ना सोनी, प्रकास गुप्ता, मूकेश गूजरे, अभिषेक सोनी, नरेन्द्र चौरसिया, राजू आचार्य, विक्रांत ताम्रकार, कमलेश, दशरथ साहू सहित विभिन्न समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।









### अखाड़ा के खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

चल समारोह के पूर्व बस स्टैंड पर जय दुर्गे अखाड़ा के खिलाड़ियों ने लाठी, बन्नेटी, मुकदर, पट्टा, तलवारबाजी और चक्र के हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए। खिलाड़ियों की शानदार प्रस्तुतियों को अतिथियों के साथ उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। अखाड़े के बाल खिलाड़ियों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया। अखाड़े का संचालन मोहन ताम्रकार ने किया। सह-संचालन के.के. सोनी, उमेश ताम्रकार, दीपक नेमा और श्रेयांश नेमा ने किया। खिलाड़ियों के साहसिक प्रदर्शन के दौरान दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### आकर्षक झांकियां रहीं जनाकर्षण का केंद्र

चल समारोह में श्री शीतला माता, श्री चंडी माता, पुराना बाजार, बस स्टैंड, हटा तिराहा, पुरानी अस्पताल परिसर और कलेही माता सहित विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों की प्रतिमाएं एवं आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। विशेष रूप से कलेही माता के साथ नृत्य और पुष्पवर्षा की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों और अंदरूनी बस्ती से होता हुआ बड़े तालाब पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता की आरती की तथा प्रसाद चढ़ाकर पुण्य लाभ लिया। सुबह करीब तीन बजे पहली प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके बाद क्रमवार प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा, जो सुबह छह बजे तक चला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी।

चल समारोह का स्वागत नयन खरे एवं उनके परिवार द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरित कर किया गया। चल समारोह में शामिल अधिकारियों और जनसमूह ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

पटेरा में दशहरा चल समारोह के दौरान आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम बाड़े में दो स्थानों पर चल समारोह का स्वागत किया गया। परंपरानुसार हाजी शम्सुद्दीन पहलवान, डॉ. सदाकत खान ने लोगों को ईत्र लगाकर दशहरा की शुभकामनाएं दीं। पार्षद चंदा खान सहित अन्य धर्मावलंबियों ने भी चल समारोह का स्वागत किया। इस दौरान नगर में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देखने को मिला।

### अधिकारियों, कर्मचारियों और समितियों का रहा सहयोग

पूरे आयोजन के दौरान तहसीलदार मानसी अग्रवाल, थाना प्रभारी रचना मिश्रा सहित पुलिस स्टाफ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेमसिंह चौहान, विद्युत मंडल प्रभारी रविशंकर तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष नितेंद्र सिंह, सुनील पांडे सहित नगर परिषद के कर्मचारी, पुलिस बल, दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशासन, पुलिस, नगर परिषद और आयोजन समितियों के सहयोग से चल समारोह एवं प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## सिंग्रामपुर में दशहरा समापन पर निकला भव्य चल समारोह



**सिंग्रामपुर। सिंग्रामपुर में दशहरा पर्व के समापन अवसर पर दुर्गा प्रतिमा का भव्य चल समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ निकाला गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन मां दुर्गा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। चल समारोह का शुभारंभ रानी दुर्गावती पार्क से मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ किया गया। गाजे-बाजे और डीजे की धुन के बीच निकला यह जुलूस पोड़ी तिराहा, मुख्य बाजार और टगरा मोहल्ला सहित विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। चल समारोह में शामिल श्रद्धालु डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए मां के जयकारे लगाते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।**

चल समारोह का मुख्य आकर्षण तिलगवां की पार्टी द्वारा प्रस्तुत किए गए एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब रहे। कलाकारों ने अपने प्रदर्शन से लोगों का ध्यान आकर्षित किया और दर्शकों ने उत्साह के साथ उनका आनंद लिया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत और दर्शन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मां दुर्गा की भव्य आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके साथ ही देवी जागरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें भक्ति गीतों के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। इस प्रकार सिंग्रामपुर में दशहरा पर्व का समापन धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच हुआ।

## अम्बिका माता समिति ने सीधे बड़े तालाब पहुंचकर किया विसर्जन

**पटेरा।** दशहरा पर्व पर अम्बिका माता समिति द्वारा दशहरा चल समारोह आयोजित किया गया। जल समारोह में दूसरे क्रम पर रहने वाली समिति इस बार बस स्टैंड नहीं पहुंची और न ही चल समारोह में शामिल हुई। समिति ने सीधे बड़े तालाब पहुंचकर माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। इसके पूर्व आयोजित दशहरा मिलन समारोह में नगर के आमंत्रित जन शामिल हुए। भजन मंडली की शानदार प्रस्तुतियों के बीच सभी को दशहरे की शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन के अंत में बृजेश, कमलेश, श्यामू, पिंटू उपाध्याय परिवार एवं समिति के सदस्यों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चल समारोह के साथ बड़े तालाब पर हुआ देवी विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

नगर में दशहरा का पर्व परंपरागत और उल्लास के मध्य एक भव्य शोभा यात्रा के साथ निकला गया ।इस दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के बीच क्षेत्र की समस्त देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया । भव्य शोभायात्रा का अनेक जगहों पर लोगों के द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र में सभी देवी प्रतिमाएं पुलिस थाना परिसर में एकत्रित हुई जहां पर पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी द्वारा सभी देवी प्रतिमाओं की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।माता रानी को भेंट चढ़ाई और प्रतिमाओं के वाहनों पर नंबर प्लेट लगवाई । इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद भव्य शोभा का विधिवत शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच शोभायात्रा साहू तिराहा से होकर बस स्टैंड ,सोमवार मोहल्ला ,और मस्जिद के सामने से होती हुई टकरास मोहल्ला ,मुकरवा मोहल्ला और मुख्य बाजार क्षेत्र से होकर गुजरी इसके बाद चल समारोह राजगढ़ी परिसर पहुंचा जहां पर श्रद्धालुओं और बच्चों ,महिलाओं के दर्शनों के लिए देवी प्रतिमाओं को कुछ समय के लिए रखा गया ।जहां माता रानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी ,देवी दर्शन की उपरांत क्रमबद्ध तरीके से बड़े तालाब के घाट पर विशेष पूजा अर्चना के बाद नगर प्रशासन की देखरेख में क्रेन मशीन के माध्यम से एक-एक कर सभी देवी प्रतिमाओं का गरिमामय और सुरक्षित तरीके से विसर्जन किया गया ।इस पूरे आयोजन के दौरान कानून व्यवस्था और जन सुविधाओं को बनाए रखने के लिए नगर परिषद और पुलिस प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

चल समारोह का स्थानीय बस स्टेण्ड, इमाम चौक, जामा मस्जिद परिसर, पठान चौक, झण्डा चौक पर मुस्लिम भाईयों के अलावा जगह जगह रास्ते भर अनेक नागरिकों एवं श्रृध्दलुओं व्दारा स्वागत- सत्कार किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह ठाकुर , नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, एडवोकेट वैभव सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र प्रसाद खरे ,थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर , डॉक्टर अंगीरस साहू,भरत प्रताप सिंह, आर आई धनीराम तैकाम ,अतुल प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, रामसिंह ठेकेदार,सहित स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं नगर परिषद के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।





## तेंदूखेड़ा में भक्तिभाव से निकाला प्रतिमाओं का चल समारोह



**तेंदूखेड़ा।** नगर में दशहरा पर्व पर मंगलवार शाम मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 24 से अधिक प्रतिमाओं के साथ निकले चल समारोह में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और डीजे आकर्षण का केंद्र रहे। श्रीराम भक्त केवट अखाड़ा और बजरंग अखाड़ा के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। शोभायात्रा में शामिल होने आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नगर भ्रमण के बाद चल समारोह गल्ला मंडी मैदान पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। रात्रि में जिला सहकारी बैंक परिसर में जबलपुर के कलाकारों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। तारादेही चौराहे सहित अन्य स्थानों पर धार्मिक मंचन और जागरण हुए। विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। बुधवार सुबह 4 बजे से गुरैया नदी तट पर पूजा-अर्चना और आरती के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ, जो सुबह 11 बजे तक चला। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ मां दुर्गा को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। चल समारोह के दौरान थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने यातायात व्यवस्था संभाली। मार्गों से हाथठेले और वाहन हटवाए गए तथा बड़े वाहनों को कुछ समय के लिए नगर के बाहर रोका गया। वन विभाग ने सहयोग किया, जबकि नगर परिषद ने नदी घाट पर प्रकाश सहित आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। पुलिस, प्रशासन और दुर्गा समितियों के समन्वय से आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### महाकाली की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**तेंदूखेड़ा।** दशहरा पर्व पर मंगलवार को नगर में मनोकामना वाली महाकाली और बड़ी महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वार्ड क्रमांक 9 में जनपद पंचायत कार्यालय के सामने विराजी मनोकामना वाली महाकाली और गौशाला के पास विराजी बड़ी महाकाली की शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और माता के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। मां काली की आकर्षक झांकी के साथ निकली शोभायात्रा का जगह-जगह पूजा-अर्चना और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण कर अपनी आस्था व्यक्त की।शोभायात्रा में बजरंग अखाड़े के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब और शौर्य प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दोनों महाकाली के दर्शन के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन के दौरान पुलिस एवं प्रशासन की टीम व्यवस्था संभालने के लिए मौजूद रही।

## रनेह में विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन संपन्न

**रनेह।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रनेह उपखंड में विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हटा के खंड कार्यवाह मुकेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से शस्त्र पूजन के साथ हुआ। पूजन के उपरांत पूर्ण गणवेश में अनुशासित स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए रनेह के विभिन्न मार्गों से पथ संचलन किया। पथ संचलन के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग में उत्साह और सामाजिक सहभागिता का वातावरण देखने को मिला। मुख्य वक्ता मुकेश साहू ने अपने उद्बोधन में समाज की शक्ति के संचय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, विजयदशमी पर्व के महत्व तथा राष्ट्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए शक्ति की उपासना जैसे विषयों पर विचार रखे। उन्होंने पंच परिवर्तन के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्रहित के प्रति जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के साथ हटा के गजेन्द्र साहू, सोनू यादव, गजेंद्र साहू रनेह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे। पथ संचलन के माध्यम से अनुशासन, संगठन और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।



## अखाड़ों के करतब और भजन संकीर्तन के बीच भक्तों ने नम आंखों से दी विदाई



**बनवार।** नौ दिनों तक चली शक्ति की उपासना के महापर्व का समापन विजयादशमी पर हवन-पूजन, पूर्णाहुति और कन्या भोज के साथ हो गया। इसके बाद पूरे अंचल में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का भव्य चल समारोह निकाला गया और नम आंखों से मां आदिशक्ति को विदाई दी गई। रोड़, घटेरा, बनवार, पटना और मानगढ़ में निकले चल समारोहों का आकर्षण देखते ही बनता था। इन आयोजनों के दौरान जगह-जगह अखाड़े के कलाकारों द्वारा पारंपरिक हथियारों के साथ अपने साहसिक करतब दिखाए गए, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही। वहीं दूसरी ओर, भजन संकीर्तन की टोलियां माता की भक्ति में पूरी तरह लीन होकर ढोल-मंजीरों की थाप पर सुरीले भजन गाती चल रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

### रंग-गुलाल और जयकारों के साथ निकली विसर्जन यात्रा

विजयादशमी पर बनवार, रोड़, पटना, मानगढ़, खमरिया और घटेरा अंचल में प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। वहीं, दसवें दिन बम्होरी से निकला भव्य चल समारोह माला और मानगढ़ होते हुए आगे बढ़ा। श्रद्धालु नाचते-गाते और रंग-गुलाल उड़ाते हुए विसर्जन स्थल पहुंचे। चल समारोह बनवार बड़े घाट, रोड़ महादेव घाट और माला जलाशय पहुंचा, जहां पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों और सड़कों के किनारे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। लोगों ने स्थान-स्थान पर मां दुर्गा की आरती उतारी और अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### नौ दिनों तक गूंजे भक्ति के स्वर

उल्लेखनीय है कि बनवार खेर माता मंदिर, बम्होरी मानगढ़, बस स्टैंड, माटेना शक्ति धाम, हरदौल बाबा चबूतरा, चौपरा और चंडी मंदिर परिसर सहित अंचल के प्रमुख पंडालों में नौ दिनों तक माता रानी की विशेष आराधना की गई। विजयादशमी के दिन हवन-पूजन, कन्या पूजन और विशाल भंडारे के आयोजनों के बाद शाम से शुरू हुआ प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

## आरएसएस का शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न



**हिंडोरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा विजय दशमी पर्व के उपलक्ष्य में पारंपरिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के गणवेश में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अनुशासनबद्ध होकर एकत्रीकरण किया और विधिवत शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम में जिला मुख्य मार्ग प्रमुख मुकेश चौरसिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में अन्याय पर न्याय की विजय, शस्त्र और शास्त्र के समन्वय, मां दुर्गा की उपासना, और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान समय में समाज के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि केवल सज्जन शक्ति के संगठन और सक्रियता से ही राष्ट्र की सर्वांगीण प्रगति संभव है। इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड कार्यवाह कल्याण सिंह, नगर कार्यवाह गोपाल साहू, सह खंड कार्यवाह योगेश चौरसिया, जिला बौद्धिक प्रमुख सीताराम सेन, जिला सह सेवा प्रमुख डॉ. प्रदीप, खंड बौद्धिक, उपखंड कार्यवाह घनश्याम सिंह, व्यवस्था प्रमुख अमर सिंह और महाविद्यालय छात्र प्रमुख भारत सोनी सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही।

## बीजाडोगरी में जियो नेटवर्क 3 दिन से ठप

**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत बीजाडोगरी में पिछले तीन दिनों से जियो नेटवर्क पूरी तरह बाधित है। गांव में टावर लगे होने के बावजूद मोबाइल से कॉलिंग नहीं हो पा रही और इंटरनेट सेवा पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे ग्रामीणों के आवश्यक फोन कॉल, बैंकिंग लेन-देन और ऑनलाइन कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ता ओमकार विश्वकर्मा, भगवत सिंह, बबलू सिंह और देवेंद्र सिंह ने बताया कि बार-बार प्रयास करने के बाद भी कॉल ड्रॉप हो रही है और डेटा नहीं चल रहा है। लगातार आ रही इस समस्या से गुस्साए ग्रामीणों ने कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों से नेटवर्क को तत्काल दुरुस्त कर निर्बाध सेवा बहाल करने की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**तेंदूखेड़ा।** सागर-जबलपुर स्टेट हाईवे-15 पर ग्राम बगदरी के पास मंगलवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बगदरी निवासी जयभान पिता अर्जुन सिंह गौड़ (14), आशीष पिता संतोष यादव (24) और अमित यादव पिता जगत यादव (19) बाइक से दशहरा पर्व देखने तेंदूखेड़ा आ रहे थे। इसी दौरान नाग बाबा के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में तीनों युवक घायल हो गए। अमित की हालत गंभीर होने के कारण उसे जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर फरार वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

### पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस पर भव्य परेड आयोजित

# कर्तव्य पथ पर शहीद 154 जवानों को किया नमन







हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर देश की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियो, अधिकारियों एवं उपस्थितजनों ने शहीद जवानों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देश के प्रति समर्पण को याद किया। कार्यक्रम के दौरान परेड का आयोजन भी किया गया तथा शहीदों के सम्मान में श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री एवं अतिथियो द्वारा शहीद पुलिस अधिकारी स्व. मदन त्रिवेदी के परिजनो का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

पुलिस स्मृति दिवस उन वीर जवानों के बलिदान को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद जवानों का त्याग और समर्पण सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित भव्य परेड को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

राज्यमंत्री श्री लोधी कहा कि राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले वीर जवानों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होने कार्यक्रम के अंत में सभी शहीद जवानों को पुनः नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही उनके सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखने और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा सेना और पुलिस के जवान सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ बड़े आयोजनों एवं महत्वपूर्ण गतिविधियों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से ही जिले, प्रदेश और देश में अमन-चैन एवं शांति कायम रहती है। सांसद श्री लोधी ने कहा देश की सुरक्षा में समर्पित जवानों और उनके परिजनों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने सभी जवानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा कि 21 अक्टूबर का दिन उन वीर शहीदों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की रक्षा की और नागरिकों को हमेशा सुरक्षित रखने का दायित्व निभाया। इन वीर जवानों का त्याग और बलिदान देश कभी नहीं भुला सकता।

विधायक श्री मलैया ने कहा देश की सुरक्षा और आम नागरिकों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों के प्रति हम सभी के मन में सम्मान और कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए उनके चरणों में अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा समाज में शांति, सद्भाव और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनेक वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी और कर्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा देश के वीर सपूतों के विचार, उनका अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति आने वाली पीढ़ियों को सदियों तक प्रेरणा देते रहेंगे। उनके त्याग और बलिदान से हमें राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध होता है तथा देश की सेवा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है।

पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस के अंतर्गत आज दमोह पुलिस लाइन में देशभर के उन पुलिसकर्मियों एवं अर्धसैनिक बल के जवानों को याद किया गया, जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा इस अवसर पर 154 शहीद पुलिस एवं अर्धसैनिक बल के जवानों के योगदान और बलिदान को स्मरण किया गया। श्री कलादगि ने कहा शहीद जवानों का त्याग और समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहेगा। देश में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर दमोह पुलिस द्वारा प्रस्तुत परेड के माध्यम से शहीद जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। पुलिस स्मृति दिवस का यह आयोजन राष्ट्र की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों के बलिदान को याद करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर बना। कार्यक्रम का संचालन पं. विपिन चौबे ने किया।

### पथरिया में हृदयविदारक घटना

# कुएं में मिले मां और दो बच्चों के शव, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जनपद पंचायत पथरिया के ग्राम उमराहो जमुनिया में मंगलवार सुबह दर्दनाक घटना सामने आई। कुएं में डूबने से महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि पांच वर्षीय बेटी की जान बच गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने कुएं से बच्चों की आवाज सुनकर महिला और तीनों बच्चों को बाहर निकाला तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने मंजू (28), बेटी अन्नू (4) और बेटे अनुज (3) को मृत घोषित कर दिया, जबकि पांच वर्षीय आरुषि जीवित बच गई। बच्ची ने बताया कि उसकी मां ने पहले तीनों बच्चों को कुएं में धकेला था और फिर खुद भी कूद गई। मंजू के पति नेतराम उर्फ निजाम सिंह गौड़ ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे ग्रामीणों से घटना की जानकारी मिली। उन्होंने पति-पत्नी के बीच किसी विवाद से इनकार करते हुए घटना के कारणों की जानकारी नहीं होने की बात कही। मंजू की मां उमा रानी ने दामाद पर शराब पीकर बेटी के साथ मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ससुराल पक्ष पर घटना की सूचना नहीं देने की बात भी कही। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी महेंद्र जगेत अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया है। घटना के वास्तविक कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# नम आंखों से दी माताराणी को विदाई

### अलसुबह बजे तक चला विसर्जन का क्रम





**दमोह।** शहर में शारदीय नवरात्रि महापर्व धार्मिक उल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विजयादशमी पर फुटेरा तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दोपहर 12 बजे शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला अगले दिन सुबह 5:30 बजे तक चला। शहर में 135 से अधिक स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। प्रशासन और समितियों की व्यवस्थाओं के बीच विसर्जन एवं चल समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। विजयादशमी पर शहर में निकले चल समारोह में देवी प्रतिमाओं और पारंपरिक अखाड़ों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। घंटाघर सहित प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। फुटेरा तालाब पर विसर्जन के दौरान भक्तों ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। इसी के साथ नौ दिवसीय नवरात्रि महापर्व का समापन हुआ।

## विवाहिता की मौत के बाद भड़का आक्रोश, शव रखकर प्रदर्शन

**दमोह ।** मड़ियादो थाना क्षेत्र के ग्राम महुआखेड़ा निवासी 25 वर्षीय नीता लोधी की जबलपुर में उपचार के दौरान मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मड़ियादो-फतेहपुर मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने पति और चाचा पर घरेलू विवाद में खौलती चाय डालकर जलाने का आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार, नीता 11 अक्टूबर को गंभीर रूप से झुलस गई थी। उसे पहले मड़ियादो स्वास्थ्य केंद्र, फिर दमोह जिला अस्पताल और बाद में मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया, जहां 21 अक्टूबर की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पावर हाउस के पास सड़क पर शव रखकर आवागमन रोक दिया। वे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। पुलिस के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब एक घंटे में चक्काजाम समाप्त हुआ।

# नोहटा पुलिस ने लूट और 4 चोरियों का किया खुलासा, डेढ़ किलो चांदी और 7 तोला सोना जब्त, तीन गिरफ्तार

**दमोह/नोहटा।** दमोह जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नोहटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई लूट एवं चार चोरियों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों और एक विधि विरुद्ध बालक को पकड़ा है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 13 लाख 72 हजार 500 रुपये कीमत का मशरूका बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों और विधि विरुद्ध बालक को न्यायालय में पेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया तथा एसडीओपी तेंदूखेड़ा अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में नोहटा पुलिस ने थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय के दौरान हुई लूट एवं चोरी की घटनाओं की जांच करते हुए यह कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपियों एवं विधि विरुद्ध बालक से करीब 1.5 किलोग्राम चांदी, जिसकी कीमत लगभग 3 लाख 22 हजार 500 रुपये, तथा करीब 7 तोला सोना, जिसकी कीमत लगभग 10 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है, बरामद किया गया। बरामद मशरूका की कुल कीमत करीब 13 लाख 72 हजार 500 रुपये है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक पटेल सहित पुलिस टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। टीम में सउनि अकरम खान, सउनि नागेंद्र सिंह सहित प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों ने कार्रवाई में सहयोग किया। नोहटा पुलिस की इस कार्रवाई से थाना क्षेत्र में हुई लूट और चोरी की घटनाओं के खुलासे में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस द्वारा आरोपियों को न्यायालय में पेश किए जाने की जानकारी दी गई है।



## दबंगों ने मजदूर को लाठी-डंडों से पीटा

**जबेरा।** दमोह जिले के जबेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जलहरी में मजदूरी के पैसे मांगने को लेकर एक मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पिपरिया निवासी मजदूर फागुन सिंह गोंड ने जलहरी गांव में तालाब की रखवाली के एवज में अपनी बकाया मजदूरी के पैसे मांगे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी और उसके साथियों ने मिलकर फागुन सिंह पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद घायल मजदूर को प्राथमिक उपचार के लिए जबेरा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जबेरा में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्नेहकांत ताम्रकार का सन्देहास्पद परिस्थितियों मे आकस्मिक निधन

**हिण्डोरिया।** नगर हिण्डोरिया के मुकरवा मुहल्ला वार्ड नं. 12 निवासी श्रीकांत ताम्रकार के द्वितीय पुत्र एवं एडव्होकेट कृष्णकांत ताम्रकार , रमाकांत ताम्रकार के 32 वर्षीय भतीजे स्नेहकांत ताम्रकार का इन्दौर मे सन्देहास्पद परिस्थितियों में आकस्मिक निधन हो गया है। इन्दौर मे पीएम परीक्षण के पश्चात मृतक का अंतिम दाह संस्कार गृह नगर हिण्डोरिया मे किया गया। जिनके अंतिम संस्कार मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं शोकाकुल परिवारजनों को ढाढस बंधाया।

# भावुक मन से भक्तों ने दी माता को विदाई, दुर्गा प्रतिमाओं का नदी में क्रेन के सहारे किया विसर्जन

हटा। दुर्गा पंडालों में विजयदशमी के साथ ही नगर में माता प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नवरात्रि के 9 दिनों तक माता की सेवा-भक्ति करने के बाद उन्हें विदाई देना भक्तों के लिए कठिन व भावुक करने वाला पल रहा। श्रद्धालुओं ने डीजें, ढोल नगाड़े के साथ माता के भक्ति गीतों पर भावुक मन से विदाई दी। इस दौरान भक्त माता की भक्ति में लीन दिखे। मंगलवार दशमी के दिन शहर के अधिकांश दुर्गा पंडालों से अखाड़े के साथ शाम को माता की विदाई का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान पंडालों पर दुर्गा विसर्जन से पूर्व हवन-पूजन और भंडारा प्रसादी वितरण में भक्तों का तांता लगा रहा। नगर की सड़कों पर देवी प्रतिमा विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े रहे। माता की विदाई के दौरान भक्त भक्ति में भावविभोर दिखे। दुर्गा विसर्जन जुलूस में बच्चे, बड़े, महिलाएं सभी उत्साह और श्रद्धा-भक्ति के रंग में सराबोर होकर झूमते-गाते विसर्जन घाटों तक पहुंचे। जहां पर नगर पालिका प्रशासन व बिहार जी सरकार सेवा समिति की बबलू राय हुआ सदस्यों द्वारा विधिवत तरीके से क्रेन की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया।

### जय घोषों के साथ हुयी मां की विदाई-

नौ दिनों तक पंडालों में विराजमान रहनें के बाद मां दुर्गा समितियों द्वारा दोपहर से ही अपने वाहनों को आर्कषक रुप से सजाया गया नगर में मां की प्रतिमा को पुराने रीति रिवाज से कहीं पालना पर तो कुछ समितियो द्वारा अपने हाथों पर मां की प्रतिमा को लेकर घाट तक विसर्जन के लिए ले जाया गया। वही नगर में विराजी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन दो घाटों पर परपरांगत और विधि-विधान के अनुसार विर्सजन किया गया चण्डी जी चौराहा व गौरीशंकर वार्ड में स्थापित देवी प्रतिमाओं का विसर्जन घुराघाट में शाम से ही प्रारंभ कर दिया गया वही नगर के अन्य बार्डो में स्थापित पांडालो से प्रतिमाओं का विर्सजन नावघाट पर क्रेन द्वारा देवी प्रतिमाओं का पूजन कर पालकी में बैठाकर नदी में विसर्जन किया गया।घुराघाट पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन पर गजबाबा सेवा समिति के सदस्यो द्वारा सहयोग किया गया।



### शस्त्र पूजन शक्ति, शौर्य और जिम्मेदारी का प्रतीक - राज्यमंत्री...

# पुलिस लाइन में विधि-विधान से हुआ शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

विजयादशमी पर मंगलवार को पुलिस लाइन दमोह में विधि-विधान से शस्त्र पूजन एवं हवन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शस्त्र पूजन कर जिलेवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति में शक्ति, शौर्य, कर्तव्य और जिम्मेदारी का प्रतीक है। विजयादशमी सत्य की असत्य पर और धर्म की अधर्म पर विजय का संदेश देती है।सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि शस्त्र शक्ति और सुरक्षा के प्रतीक हैं, जबकि शास्त्र ज्ञान, विवेक और सही मार्ग की प्रेरणा देते हैं। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने शस्त्र और शास्त्र दोनों को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग बताया।भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने ईश्वर से ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न नहीं होने की प्रार्थना की, जिनमें शस्त्रों का



उपयोग करना पड़े। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि शक्ति का उपयोग विवेक और सामर्थ्य का उपयोग धैर्य के साथ होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने शस्त्र पूजन को ज्ञान, शक्ति और कर्तव्य के प्रति सम्मान की परंपरा बताया। इस अवसर पर गौरव पटेल, अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक एच.आर. पांडे, राघवेंद्र सिंह परिहार, रमाकांत बाजपेयी, सोनू यादव, दीपक मिश्रा, जुगल अग्रवाल, विक्रम राजपूत, वेद दुबे और रमाकांत गोस्वामी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सीएमओ से अभद्रता व जातिगत टिप्पणी के विरोध में कर्मचारियों ने काम बंद किया



### फुटेरा तालाब पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुआ था विवाद, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**दमोह।** फुटेरा तालाब पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगरपालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी के साथ कथित अभद्रता और जातिगत टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध में नगरपालिका कर्मचारी लामबंद हो गए और कामकाज ठप कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, प्रतिमा विसर्जन स्थल पर नगरपालिका द्वारा सुरक्षा के लिए बैरिकेड्स लगाए गए थे। इन्हें हटाने को लेकर दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों और सीएमओ के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान सीएमओ के साथ अभद्र व्यवहार और जातिगत टिप्पणी की गई। विवाद के चलते करीब दो घंटे तक प्रतिमा विसर्जन भी प्रभावित रहा। घटना से नाराज नगरपालिका कर्मचारी संघ ने कलेक्ट्रेट और एसपी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, गिरफ्तारी और कर्मचारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा देने की मांग की। संघ ने चेतावनी दी कि कार्रवाई होने तक विरोध जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों के काम बंद करने से शहर की सफाई सहित अन्य नागरिक सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है।

## चल समारोह मे पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में लाठी डण्डे चले- पथराव हुआ

**हिण्डोरिया।** दशहरा चल समारोह के दौरान उस समय तब भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। जब दो अखाडों.के कुछ युवा अपनी पुरानी रंजिश के चलते ठकरास मुहल्ला मे गायत्री मंदिर के सामने वाली गली मे अचानक आमने- सामने आ गये और कुछ युवा लाठी-डण्डों से मारपीट करते हुये एक दूसरे पर अंधाधुंध पथराव करने लगे। जिससे अनेक लोग घायल हो गये। हालांकि पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँच कर हालात को गंभीर होने के पहले पहुँच कर सम्हाल लिया। घायलों की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश भी प्रारम्भ कर दी गई है।